# RAJYA SABHA

*Tuesday, the* 8*th July,* 2014/17*th Ashadha,* 1936 *(Saka)*

The House met at eleven of the clock,
MR. CHAIRMAN in the Chair.

## MEMBER SWORN

Shri Anang Uday Singh Deo (Odisha)

---

## DEMAND FOR DISCUSSION ON THE PROBLEMS OF FARMERS

**श्री नरेश अग्रवाल** (उत्तर प्रदेश) : माननीय सभापति जी, किसानों से जुड़ी समस्या का सवाल है। इस सरकार के एक प्रतिनिधि ने, ...(**व्यवधान**)... उन्होंने चुनाव में घोषणा की थी कि किसानों को उनकी फसल का समर्थन मूल्य, उनकी लागत का 50 परसेंट मुनाफा करके देंगे, लेकिन इन्होंने अभी जो धान की फसल का मूल्य बढ़ाया है, वह कुल 50 रूपए बढ़ाया है। यह तो किसानों के साथ अन्याय है ।

**श्री सभापति** : आपका नोटिस मुझे मिल गया है। हम उस पर डिस्कशन शेडयूल करेंगे ।

**प्रो. रामगोपाल यादव** (उत्तर प्रदेश) : सर, यह बहुत महत्वपूर्ण सवाल है ।

**श्री नरेश अग्रवाल** : सर, यह बहुत महत्वपूर्ण है, किसानों से जुड़ा सवाल है।

**श्री सभापति** : थैंक यू ।

**श्री सत्यव्रत चतुर्वेदी** (मध्य प्रदेश) : सभापति जी, देश भर में सूखे की स्थिति से गंभीर समस्या पैदा हो गई है ।

**श्री सभापति** : जी, आप नोटिस दीजिए। ...(**व्यवधान**)...

**श्री सत्यव्रत चतुर्वेदी** : हमने इस पर नोटिस दिया है। सर, किसानों की बुरी दशा है और पूरे देश में सूखे की वजह से चिंता है। आप इस पर चर्चा करने के लिए समय निर्धारित करें ।

**श्री सभापति** : ठीक है, थैंक यू । क्वैश्चन नं. 21 ।

---

## ORAL ANSWERS TO QUESTIONS

### FAQs on CSR activities undertaken by various companies

*21. SHRIMATI AMBIKA SONI: Will the Minister of CORPORATE AFFAIRS be pleased to state:

(a) whether Government proposes to come out with detailed Frequently Asked Questions (FAQs) on Corporate Social Responsibility (CSR) activities to be undertaken by various companies;